मुख्य सचिव ने परखीं डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की तैयारियां

बिझामई में 121 में 112 हेक्टेयर भूमि की खरीद, शेष भूमि एक माह में करें अधिगृहीत

माई सिटी रिपोर्टर

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का स्वागत करते मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह। स्रोत: प्रसाशन

आगरा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को लखनऊ- एक्सप्रेस वे के पास बिझामई में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की तैयारियों का निरीक्षण किया। यहां रक्षा क्षेत्र में कंपनियां निवेश करेंगी। 112 हेक्टेयर भूमि की खरीद हो चुकी है। एक माह में शेष भूमि अधिगृहीत करने के निर्देश दिए हैं।

सदर तहसील के गांव बिझामई में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रस्तावित है। जहां भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) 400 करोड़ रुपये से रडार बनाने की फैक्टरी लगाएगा। पिछले दिनों बीएचईएल अधिकारियों को डिफेंस कॉरिडोर में 60 हेक्टेयर भूमि पसंद आई है। इसके अलावा अन्य रक्षा उपकरण बनाने वाली फैक्टरियों को डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आकर्षित करने में सरकार जुटी है। इसी सिलसिले में मंगलवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आगरा आए। लखनऊ-एक्सप्रेस वे स्थित नदोता पुलिया होकर बिझामई पहुंचे। वहां कॉरिडोर की भूमि के अधिग्रहण के संबंध में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी से स्थिति पूछी। डीएम ने उन्हें बताया कि सिर्फ आठ हेक्टेयर को छोड़ बाकी पूरी भूमि किसानों की सहमति से खरीद ली गई है। सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिया गया है। मुख्य सचिव ने शेष भूमि को जल्द अधिग्रहित करने के निर्देश डीएम को दिए। इस दौरान मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का स्वागत किया। बुधवार को मुख्य सचिव एक निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे।